संख्या- 23/2023/ 77-1002(099)/1/2023/002-1568

प्रेषक,

अनीता चौधरी,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

आयुक्त एवं निदेशक,
उद्योग, उ0प्र0, कानपुर।

औद्योगिक विकास अनुभाग-1 लखनऊ : दिनांक 29/12/2023

**विषय:- टैक्सफेड समूह की बन्द पडी कताई मिलों की भूमि के औद्योगिक प्रयोग हेतु शासकीय देनदारियों के निस्तारण के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्रबंध निदेशक, उ0प्र0 राज्य वस्त्र निगम लि0, कानपुर के पत्र संख्या- 74/एसटीसी/लेखा/2023 दिनांक 24.08.2023, प्रबंध निदेशक, उ0प्र0 स्टेट यार्न कं0लि0, कानपुर के पत्र संख्या- 21/एसवाईसी/वित्त/2023 दिनांक 24.08.2023, प्रबंध निदेशक, उ0प्र0 सहकारी कताई मिल्स संघ लि0, कानपुर के पत्र संख्या- 1012/एसएमएफ/2023-24 दिनांक 24.08.2023 तथा उ0प्र0 स्टेट स्पिनिंग कं0लि0, कानपुर की इकाईयों की भूमि पर औद्योगिक आस्थान (एम0एस0एम0ई0 औद्योगिक पार्क) योजना के क्रियान्वयन के संबंध में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या- 19/18-2099/97/2022/18-2-2023-30(2)/2021, दिनांक 13.03.2023 एवं शासनादेश संख्या- 1894/77-1-2023-77-1002(099)/1/2023, दिनांक 04.12.2023 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

**2-** अवगत कराना है कि प्रश्नगत प्रकरण के संबंध में वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-7 में उ0प्र0 राज्य वस्त्र निगम/स्पिनिंग/यार्न/संघ लि0, कानपुर के शासकीय देयताओं के निस्तारण हेतु मदवार विवरण एवं उक्त कंपनियों पर शासकीय देनदारियों का विवरण निम्नवत है:-

| **क्रमांक** | **मदवार विवरण** | **बजट व्यवस्था (रू0 लाख में)** |
|---|---|---|
| 1 | लेखाशीर्ष- 2852-उद्योग-80-सामान्य-800-अन्य व्यय-27-उ.प्र. स्टेट स्पिनिंग कम्पनी लि. की रायबरेली, मऊनाथभंजन तथा बाराबंकी इकाईयों पर दिनांक 01-04-2023 को बकाया ऋण (मूलधन) के अपलेखन हेतु अनुदान-20-सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन) | 19471.00 |
| 2 | लेखाशीर्ष- 2852-उद्योग-80-सामान्य-800-अन्य व्यय-29-उ.प्र. स्टेट स्पिनिंग कम्पनी लि. को प्रदत्त अंशपूंजी के अपलेखन हेतु अनुदान-20-सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन) | 9324.00 |
| 3 | लेखाशीर्ष- 2852-उद्योग-80-सामान्य-800-अन्य व्यय-30-उ0प्र0 सहकारी कताई मिल संघ, उ0प्र0 स्टेट यार्न कम्पनी लि. तथा उ0प्र0 राज्य वस्त्र निगम लि. पर दिनांक 01-04-2023 को बकाया ऋण (मूलधन) तथा उनको प्रदत्त शासकीय अंशपूंजी के अपलेखन हेतु अनुदान-20-सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन) | 50000.00 |

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

**शासकीय देनदारियों का विवरण :-**

(धनराशि रू0 लाख में)

| क्र०सं० | संस्था का नाम | धनराशि | ब्याज | योग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | उ.प्र. स्टेट स्पिनिंग कम्पनी लि. का बकाया ऋण (मूलधन) | 19471.00 | 4154.00 | 23625.00 |
| 2 | उ.प्र. स्टेट स्पिनिंग कम्पनी लि. को प्रदत्त अंशपूंजी | 9324.00 | - | 9324.00 |
| 3 | उ0प्र0 राज्य वस्त्र निगम लि0 कानपुर | 29711.00 | 13472.00 | 43183.00 |
| 4 | उ0प्र0 स्टेट यार्न कं0लि0 कानपुर | 13485.00 | 1966.00 | 15451.00 |
| 5 | उ0प्र0 सहकारी कताई मिल्स संघ लि0 कानपुर | 48163.00 | 4181.00 | 52344.00 |

**3-** इस संबंध मे मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त शासनादेश दिनांक 04.12.2023 एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्ययक में उपलब्ध धनराशि के अनुसार उ0प्र0 राज्य वस्त्र निगम /स्पिनिंग /यार्न /संघ लि0, कानपुर की शासकीय देयताओं के अपलेखन (write off) हेतु मूल धनराशि निर्गत करते हुए ब्याज माफ किया जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

(1) वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्ययक में उ0प्र0 स्टेट स्पिनिंग कंपनी लि0 की रायबरेली, मऊनाथ भंजन तथा बाराबंकी इकाईयों पर दिनांक 01.04.2023 को बकाया ऋण (मूलधन) अनुदान रू0-19471.00 लाख एवं कंपनी को प्रदत्त अंशपूंजी के हेतु अनुदान रू0-9324.00 लाख के अपलेखन (write off) हेतु उक्त धनराशि निर्गत करते हुए कंपनी के बकाया ऋण पर ब्याज की धनराशि रू0 4154.00 लाख को माफ किया जाता है।

(2) उ0प्र0 सहकारी कताई मिल संघ/उ0प्र0 स्टेट यार्न/वस्त्र निगम पर दिनांक 01-04-2023 को बकाया ऋण (मूलधन) तथा उनको प्रदत्त शासकीय अंशपूंजी के अपलेखन हेतु अनुदान के रूप में प्राविधानित धनराशि रू0-50000.00 लाख में से उ0प्र0 सहकारी कताई मिल्स संघ लि० /उ०प्र० स्टेट यार्न कं.लि. /उ०प्र० राज्य वस्त्र निगम लि. की मिलों की शासकीय देयताओं के अपलेखन (write off) हेतु मूल धनराशि निर्गत करते हुए ब्याज माफ किया जाता है। अवशेष धनराशि का अपलेखन (write off) बजट प्राविधान होने के उपरान्त किया जाएगा।

(3) उल्लेखनीय है कि तीनों कंपनियों की कुल शासकीय देयतायें रू0 91300.00 लाख एवं प्राविधानित धनराशि रू0- 50000.00 लाख हैं। उ0प्र0 स्टेट यार्न कं0लि0 की तीनों इकाईयों की भूमि कहीं बन्धक नहीं है, अतएव उ0प्र0 स्टेट यार्न कं0लि0 की देयताओं के निस्तारण को वरीयता दी जा रही है। तदनुसार निम्नवत शासकीय देयताओं के अपलेखन (write off) हेतु मूल धनराशि निर्गत करते हुए ब्याज माफ किया जाता है :-

धनराशि (रू0 लाख में)

| क्रमांक | कंपनी का नाम | शासकीय देयताएं | ब्याज |
|---|---|---|---|
| 1 | उ0प्र0 स्टेट यार्न कं0लि0 | 13485.00 | 1966.00 |

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | उ0प्र0 राज्य वस्त्र निगम | 10622.00 | 13472.00 |
| 3 | उ0प्र0 सहकारी कताई मिल्स संघ लि0 | 25893.00 | 4181.00 |
| | **योग** | **50000.00** | **19619.00** |

(ब्याज की गणना दिनांक 31.03.2023 तक)

**नियम व शर्ते / प्रतिबन्धों**

(1) स्वीकृति धनराशि व्यय किये जाने के पूर्व वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप दिनांक 17 मार्च, 2023 तथा अन्य संगत शासनादेशों द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(2) धनराशि का आहरण तात्कालिक आवश्यकता के अनुसार किया जाएगा।

(3) स्वीकृत धनराशि का उपयोग उसी प्रयोजन के लिए किया जायेगा जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है।

(4) प्रकरण में सभी सुसंगत अधिनियमों/वित्तीय नियमों एवं शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(5) प्रकरण में मा० न्यायालय/ट्रिब्यूनल में लंबित वाद को देखते हुए कार्यवाही करेंगे, जिससे कि किसी प्रकार की विधिक बाधा उत्पन्न न हो।

(6) धनराशि से सम्बन्धित आंकड़ो की शुद्धता सुनिश्चित की जायेगी।

(7) प्रकरण में किसी भी वित्तीय अनियमितता के लिए उत्तरदायी होंगे।

(8) स्वीकृत धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र ससमय उपलब्ध कराया जाएगा।

**4-** इस संबंध में होने वाला व्यय **लेखाशीर्ष:** 2852808002700 (उ.प्र. स्टेट स्पिनिंग कम्पनी लि. की रायबरेली, मऊनाथ भंजन तथा बाराबंकी इकाईयों पर दिनांक 01-04-2023 को बकाया ऋण (मूलधन) के अपलेखन हेतु अनुदान )

| | **अनुदान संख्या** | **लेखा शीर्षक** | **मानक मद** | **स्वीकृत धनराशि** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 007 | 2852808002700<br>उ.प्र. स्टेट स्पिनिंग कम्पनी लि. की रायबरेली, मऊनाथ भंजन तथा बाराबंकी इकाईयों पर दिनांक 01-04-2023 को बकाया ऋण (मूलधन) के अपलेखन हेतु अनुदान | 20- सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन) | 1,94,71,00,000 (रुपये एक अरब चौरानवे करोड़ इकहत्तर लाख मात्र ) |
| | **कुल** | | | **1,94,71,00,000 (रुपये एक अरब चौरानवे करोड़ इकहत्तर लाख मात्र)** |

**लेखाशीर्ष:** 2852808002900 (उ.प्र. स्टेट स्पिनिंग कम्पनी लि. को प्रदत्त अंशपूंजी के अपलेखन हेतु अनुदान )

| | **अनुदान संख्या** | **लेखा शीर्षक** | **मानक मद** | **स्वीकृत धनराशि** |
|---|---|---|---|---|

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 007 | 2852808002900<br>उ.प्र. स्टेट स्पिनिंग कम्पनी लि. को प्रदत्त अंशपूंजी के अपलेखन हेतु अनुदान | 20<br>सहायता अनुदान - सामान्य (गैर वेतन) | 93,24,00,000<br>(रुपये तिरानवे करोड़ चौबीस लाख मात्र) |
| | **कुल** | | | **93,24,00,000**<br>**(रुपये तिरानवे करोड़ चौबीस लाख मात्र)** |

**लेखाशीर्षः** 2852808003000 (उ.प्र. सहकारी कताई मिल संघ, उ.प्र. स्टेट यार्न कम्पनी लि. तथा उ.प्र. राज्य वस्त्र निगम लि. पर दिनांक 01-04-2023 को बकाया ऋण (मूलधन) तथा उनको प्रदत्त शासकीय अंशपूंजी के अपलेखन हेतु अनुदान)

| | **अनुदान संख्या** | **लेखा शीर्षक** | **मानक मद** | **स्वीकृत धनराशि** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 007 | 2852808003000<br>उ.प्र. सहकारी कताई मिल संघ, उ.प्र. स्टेट यार्न कम्पनी लि. तथा उ.प्र. राज्य वस्त्र निगम लि. पर दिनांक 01-04-2023 को बकाया ऋण (मूलधन) तथा उनको प्रदत्त शासकीय अंशपूंजी के अपलेखन हेतु अनुदान | 20<br>सहायता अनुदान - सामान्य (गैर वेतन) | 5,00,00,00,000<br>(रुपये पांच अरब मात्र) |
| | **कुल** | | | **5,00,00,00,000**<br>**(रुपये पांच अरब मात्र)** |

| | |
|---|---|
| **महायोग** | 7,87,95,00,000<br>( रुपये सात अरब सतासी करोड़ पंचानबे लाख मात्र ) |

के नामे डाला जायेगा।

**5-** यह आदेश कंप्यूटर द्वारा उत्पन्न संख्या E-6-176-X-2023-24-दिनांक:29-12-2023, E-6-177-X-2023-24-दिनांक:29-12-2023 एवं E-6-178-X-2023-24-दिनांक:29-12-2023 मे प्राप्त वित्त विभाग की सहमति से निर्गत किये जा रहे है।

भवदीया,
अनीता चौधरी
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

संख्या- 23/2023/ 77-1002(099)/1/2023/002-1568(1), तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार (प्रथम), उ0प्र0, प्रयागराज।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।
http://shasanadesh.up.gov.in

2- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 स्टेट यार्न कं०लि0, उ0प्र0 राज्य वस्त्र निगम लि0, उ0प्र0 स्टेट स्पिनिंग कं0 लि0, उ0प्र0 सहकारी कताई मिल्स् संघ लि0, कानपुर।
3- कोषाधिकारी, कानपुर नगर।
4- आयुक्त एवं निदेशक, उद्योग, अर्थ अनुभाग, उ0प्र0, कानपुर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि स्वीकृत धनराशि को वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या- 2/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023, दिनांक 17.03.2023 द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में सेन्ट्रल सर्वर पर डलवाने का कष्ट करें।
5- निदेशक, वित्तीय सांख्यकीय निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त स्वीकृत धनराशि को वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या- 2/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023, दिनांक 17.03.2023 द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में सेन्ट्रल सर्वर पर डलवाने का कष्ट करें तथा यूजर नेम व पासवर्ड आबंटित कर शासन तथा प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 स्टेट यार्न कं०लि0, उ0प्र0 राज्य2 वस्त्र निगम लि0, उ0प्र0 स्टे ट स्पिनिंग कं0 लि0, उ0प्र0 सहकारी कताई मिल्स, संघ लि0, कानपुर को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें, ताकि आबंटित धनराशि का अपलेखन (write off) किया जा सके।
6- वित्त अधिकारी, उ0प्र0 स्टेट यार्न कं०लि0, उ0प्र0 राज्यव वस्त्र निगम लि0, उ0प्र0 स्टेट स्पिनिंग कं0 लि0, उ0प्र0 सहकारी कताई मिल्स संघ लि0, कानपुर।
7- नियोजन अनुभाग-4, उ0प्र0 शासन।
8- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-2/4/6, उ0प्र0 शासन।
9- औद्योगिक विकास अनुभाग-2
10- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
अनीता चौधरी
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।